**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 839**

**दिनांक 29 नवंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**एम्स में कर्मचारियों की कमी**

**839. श्रीमती साजदा अहमद:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली वर्तमान में कर्मचारियों और शिक्षकों की कमी का सामना कर रहा है;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इन कमियों को दूर करने तथा यह सुनिश्चित करने के लिए कि रोगी देखभाल और शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित न हों, क्या कदम उठाए गए/उठाए जाने का प्रस्ताव है;

(ग) क्या सरकार एम्स, दिल्ली में शिक्षण और अनुसंधान के क्षेत्र में सेवानिवृत्ति के करीब पहुंच चुके कई अनुभवी संकाय सदस्यों की सेवाओं को बढ़ाने की योजना बना रही है; और

(घ) इस प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) और (ख): अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली में संकाय और कर्मचारियों की वर्तमान स्थिति निम्नानुसार है:

| **संकाय** | | **गैर-संकाय** | |
|---|---|---|---|
| **स्वीकृत पद** | **पदस्थ** | **स्वीकृत पद** | **पदस्थ** |
| 1235 | 810 | 14343 | 12101 |

संकाय और कर्मचारियों की भर्ती एक सतत प्रक्रिया है। रिक्त पदों को भरने के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान स्थायी चयन समिति की बैठकें, नर्सिंग अधिकारी भर्ती सामान्य पात्रता परीक्षा (एनओआरसीईटी), सामान्य भर्ती परीक्षा (सीआरई) और विभागीय पदोन्नति समिति की नियमित रूप से बैठकें आयोजित करता है।

(ग) और (घ): जी नहीं, एम्स विनियमन 2019 की धारा 30 (2) के प्रावधान के अनुसार, संकाय के लिए सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष है।

*****